# गटर-नालियों पर अतिक्रमण

- नालियों पर सीढ़ियां और ढंकाव प्रशासन की चेतावनी बेअसर
- स्वच्छता अभियान को नहीं मिल पा रही गति



**गटर पर अवैज्ञानिक तरीके से बनी सीढ़ियां**

नगर में गटर और नालियों के ऊपर बिना तकनीकी मानकों के बनाई जा रही सीढ़ियों ने पानी निकासी व्यवस्था को गंभीर रूप से प्रभावित कर दिया है. कई स्थानों पर गटर को ढंककर या उसके ऊपर अव्यवस्थित तरीके से निर्माण कर दिया गया है, जिससे पानी का प्रवाह बाधित हो रहा है. स्थानीय लोगों के अनुसार, गटर के ऊपर बनाई गई सीढ़ियां न तो सही ढंग से डिजाइन की गई हैं और न ही जल निकासी को ध्यान में रखकर उनका निर्माण किया गया है. इसके चलते गंदा पानी जमा हो रहा है और आसपास गंदगी व दुर्गंध की समस्या बढ़ रही है.

**नवभारत न्यूज**
**गंजबासौदा 6 मई, नगर में गटर और नालियों पर बढ़ते अतिक्रमण ने सफाई व्यवस्था को गंभीर रूप से प्रभावित कर दिया है. शहर के विभिन्न वार्डों में लोग गटर-नालियों के ऊपर सीढ़ियां बना रहे हैं, जिससे सफाई कामगारों के सामने बड़ी चुनौती खड़ी हो गई है.**

जानकारी के अनुसार रेलवे स्टेशन से पाराशरी नदी तक लाखों रुपए की लागत से पानी निकासी के लिए गटर निर्माण कराया गया था, लेकिन कुछ ही महीनों में लोगों ने अपनी दुकानों और प्रतिष्ठानों के सामने गटर को ढंकना शुरू कर दिया. धीरे-धीरे यह स्थिति ऐसी बन गई कि कई जगह गटर पूरी तरह गायब हो गए हैं. मोहल्लों और बस्तियों में भी यही हालात हैं. पड़ोसी को देखकर अन्य लोग भी गटर पर अतिक्रमण कर रहे हैं, जिससे समस्या लगातार बढ़ती जा रही है. इस कारण नगर पालिका परिषद द्वारा चलाया जा रहा स्वच्छता अभियान गति नहीं पकड़ पा रहा है.

सफाई कामगार पूरी मेहनत से कार्य कर रहे हैं, लेकिन अतिक्रमण के कारण नालियों की सफाई संभव नहीं हो पा रही. अगर नागरिक अपने सामने की नालियों से अतिक्रमण हटा लें, तो सफाई व्यवस्था में बड़ा सुधार आ सकता है.

## दुष्कर्म के बाद बनाया धर्म परिवर्तन का दबाव

**अशोकनगर।** जिले में एक बार फिर धर्मातंरण का मामला सामने आया है, जहां मुस्लिम युवक ने हिन्दू युवती को अपने प्रेमजाल में फंसाकर शादी का झांसा देते हुए उससे दुष्कर्म किया और फिर धर्म परिवर्तन का दबाब बनाया यह मामला जैसे ही पुलिस की संज्ञान में आया तो पुलिस ने युवती को सकुशल दस्तयाब करते हुए आरोपी युवक और उसकी मां को गिरफ्तार किया है। दरअसल सिटी कोतवाली में मंगलवार को युवती के भाई ने अपनी 18 वर्षीय बहन के रात्रि में बिना बताए घर से कहीं चले जाने की सूचना दी थी, जिसके बाद पुलिस ने मामला दर्ज करते हुए जांच में लिया गया। वहीं मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक राजीव कुमार मिश्रा द्वारा थाना प्रभारी कोतवाली निरीक्षक रविप्रताप सिंह चौहान को त्वरित कार्यवाही हेतु निर्देशित किया गया।

# बहुत जल्द अच्छे परिणाम दिखाई देंगे : कृष्णा

**प्रभारी मंत्री कृष्णा गौर पहुंचीं टीकमगढ़ के दौरे पर**

**कोर कमेटी के साथ संयुक्त कार्यालय में की समीक्षा**



**नवभारत न्यूज, टीकमगढ़।**
**नगर पालिका में बहुत जल्द और बहुत अच्छे परिणाम आपको दिखाई देंगे. खराब सड़कों को लेकर मैंने विशेष निर्देश दिए हैं कि इसमें लापरवाही न बरतें और बारिश के पहले ही सारी खराब पड़ी सड़कों को ठीक कराएं. यह वक्तव्य कैबिनेट मंत्री एवं जिले की प्रभारी मंत्री श्रीमती कृष्णा गौर ने कलेक्ट्रेट सभागार में समीक्षा बैठक के बाद मीडिया के समक्ष दिए।**

दरअसल अपने प्रस्तावित कार्यक्रम के तहत बुधवार को जिले की प्रभारी मंत्री श्रीमती कृष्णा गौर सुबह महामना एक्सप्रेस से टीकमगढ़ पहुंची जहां रेलवे स्टेशन पर भाजपाईयों ने उनका जमकर स्वागत किया। इसके बाद वह सर्किट हाउस पहुंची जहां उन्होंने कार्यकर्ताओं से मुलाकात की। मुलाकात करने के बाद दीनदयाल रसोई को देखने भी वह पहुंची जहां की व्यवस्था को देखकर उन्होंने टीकमगढ़ कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय एवं सीएमओ ओमपाल भदौरिया के काम को सराहा।

**नगर पालिका के मामले को लेकर बंद कमरे में बैठक**

टीकमगढ़ नगर पालिका में अध्यक्ष एवं बीते दिनों आई पीआईसी के विरोध में जो पार्षद मुन्ना साहू ने इस्तीफा सौंपा है उसके साथ नगर विकास को लेकर प्रभारी मंत्री कृष्णा गौर ने कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय एवं प्रशासक डिप्टी कलेक्टर अंजली शर्मा के साथ सर्किट हाउस के बंद कमरे में बैठक की। इस दौरान यहां किसी को भी जाने से रोका गया था। यह बैठक तकरीबन 20 मिनिट तक चली। इसके बाद कृष्णा गौर बाहर निकली और दीनदयाल रसोई के लिए रवाना हुई।

# सिर्फ अनदेखी से अटकी 5642 की छात्रवृत्ति



**नवभारत न्यूज**
**राजगढ़ 06 मई, का. जिले में सिर्फ अनदेखी के चलते 5642 विद्यार्थियों की छात्रवृत्ति अधर में लटकी हुई है. ये विद्यार्थी कक्षा 9 से 12वीं के है. आंकड़े चौंकाने वाले तब सामने आए जब जिला पंचायत में समीक्षा की गई. जिला पंचायत सीईओ डॉ. इच्छित गढ़पाले की अध्यक्षता में बुधवार को जिला पंचायत सभागार में अनुसूचित जाति एवं जनजाति वर्ग के कक्षा 9 से 12 तक के विद्यार्थियों की छात्रवृत्ति से जुड़े लंबित प्रकरणों के निराकरण को लेकर समीक्षा बैठक आयोजित की गई.**

बैठक में वर्ष 2025-26 के लंबित आवेदनों, ओटीआर प्रगति, प्रोफाइल पंजीयन एवं स्वीकृत भुगतान की स्थिति का विस्तृत परीक्षण किया गया तथा संबंधित अधिकारियों और संकुल प्राचार्यों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए.

मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत डॉ. गढ़पाले द्वारा आयोजित समीक्षा में जिले में कुल 5642 लंबित प्रोफाइल पंजीयन की जानकारी ली. जिसमें जाति प्रमाण पत्र एवं जन्म प्रमाण पत्र का समय पर न बन पाने पर जिला शिक्षा अधिकारी एवं संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि विद्यार्थियों द्वारा प्रमाण पत्र हेतु कब और कहां आवेदन किया गया, इसकी जानकारी एकत्र कर शीघ्र कार्रवाई सुनिश्चित करें.

# शराब तस्कर पकड़ाया

**नवभारत न्यूज**
**ललितपुर 6 मई. जीआरपी पुलिस ने रेलवे स्टेशन पर चलाए जा रहे सघन चेकिंग अभियान के दौरान एक युवक को गिरफ्तार किया है. आरोपी के पास से भारी मात्रा में अवैध देशी शराब बरामद की गई है, जिसे वह तस्करी के इरादे से ले जा रहा था.**

पुलिस ने आरोपी के खिलाफ आबकारी अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर जेल भेज दिया है. जीआरपी थाना प्रभारी निरीक्षक के निर्देशन में उपनिरीक्षक राजेश सिंह अपनी टीम के साथ प्लेटफॉर्म नंबर एक पर गश्त कर रहे थे. इसी दौरान फुट ओवर ब्रिज के पास एक संदिग्ध युवक दिखाई दिया, जो पुलिस को देखकर भागने की कोशिश करने लगा. पुलिस टीम ने घेराबंदी कर उसे पकड़ लिया. पकड़े गए युवक की पहचान मध्य प्रदेश के टीकमगढ़ जिले के ग्राम दरियापुर निवासी राजेश सिंह के रूप में हुई है. जब पुलिस ने उसके पास मौजूद बैग की तलाशी ली, तो उसमें से 90 शीशी अवैध देशी शराब (मसाला) बरामद हुई.

पूछताछ में आरोपी शराब से जुड़े कोई वैध दस्तावेज पेश नहीं कर सका और उसने स्वीकार किया कि वह इसे ऊंचे दामों पर बेचने के लिए ले जा रहा था। जीआरपी पुलिस ने बरामद शराब को जब्त कर आरोपी राजेश सिंह के खिलाफ आबकारी अधिनियम की धारा 60(1) के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है. गिरफ्तारी करने वाली टीम में उपनिरीक्षक राजेश सिंह के साथ हेड कांस्टेबल पुष्पेंद्र सिंह और कांस्टेबल वीरेंद्र सिंह शामिल रहे.

# तौल प्रक्रिया धीमी, लगी कतारें

**नवभारत न्यूज**
**सीहोर 6 मई. समर्थन मूल्य पर गेहूं खरीदी के दौरान जिले में अव्यवस्था की स्थिति बनती जा रही है. स्लॉट बुकिंग के बावजूद किसान तय तारीख से पहले ही उपज लेकर खरीदी केंद्रों पर पहुंच रहे हैं, जिससे ट्रैक्टर-ट्रालियों की लंबी कतारें लग रही हैं. वहीं कई केंद्रों पर स्टोरेज की कमी और धीमी तौल प्रक्रिया से भी परेशानी बढ़ रही है.**

जिले में इन दिनों समर्थन मूल्य पर गेहूं खरीदी जोरों पर है, लेकिन व्यवस्था की कमी और किसानों की जल्दबाजी के कारण कई खरीदी केंद्रों पर हालात बिगड़ते नजर आ रहे हैं. स्लॉट बुकिंग की व्यवस्था होने के बावजूद किसान दो-दो दिन पहले ही उपज लेकर पहुंच रहे हैं, जिससे केंद्रों के बाहर लंबी कतारें लग रही हैं. भीषण गर्मी के बीच ट्रैक्टर-ट्रालियों में भरी उपज के साथ इंतजार कर रहे किसानों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है.



**जिले के कई वेयर हाउस उपज से हुए खचाखच**

जिले के जावर और इछावर क्षेत्रों में समर्थन मूल्य पर गेहूं खरीदी के दौरान व्यवस्थाओं पर दबाव बढ़ गया है. कई वेयरहाउस उपज से भरने की स्थिति में पहुंच चुके हैं, जिससे किसानों को तौल के लिए 3 से 5 दिन तक इंतजार करना पड़ रहा था. नादान स्थित नारंग वेयरहाउस पर ट्रैक्टर-ट्रॉलियों की लंबी कतारें लगी रहीं, जहां पहले 4 कांटों से तौल हो रही थी, अब दो और कांटे बढ़ाने के निर्देश दिए गए हैं. रिद्धि वेयरहाउस भरने के कारण वहां के किसानों को भी यहीं शिफ्ट किया गया, जिससे भीड़ और बढ़ गई.



# आधी रात को आग में सुलगा ईवी का शोरूम

**नवभारत न्यूज**
**विदिशा 6 मई, पीतलमील इलाके में मंगलवार-बुधवार की दरमियानी रात एक ईवी बाइक शोरूम में भीषण आग लग गई.इस हादसे में 30 से 35 इलेक्ट्रिक गाड़ियां जलकर खाक हो गई और करीब 25 लाख रुपए का नुकसान हुआ है.**

शोरूम के ऊपर बनी दो मंजिलों में रह रहे दो परिवारों के 6 लोग धुएं की चपेट में आकर फंस गए. इन्हें बचाने के लिए प्रायवेट जेसीबी बुलानी पड़ी और गैलरी की ग्रिल तोड़कर सुरक्षित बाहर निकाला गया. इस घटना में कोई जनहानि नहीं हुई है. कॉन्वेंट स्कूल के सामने स्थित इस बिल्डिंग में ग्राउंड फ्लोर पर शोरूम और ऊपर मकान बने हैं.रात करीब डेढ़ बजे फर्स्ट फ्लोर पर रह रही बुजुर्ग महिला को धुएं का एहसास हुआ.देखते ही देखते धुआं पूरे भवन में फैल गया और सांस लेना मुश्किल हो गया.

बताया जा रहा है कि यदि दमकल समय पर पहुंच जाती तो नुकसान कम हो सकता था. आग के कारण नीचे उतरने का रास्ता बंद था, इसलिए जेसीबी बुलाकर मां और बेटी को बाहर निकाला गया.परिवार का करीब एक लाख रुपये का सामान जलकर खाक हो गया. मकान मालिक पंकज जैन ने बताया कि उन्होंने प्रथम तल पर रह रहे परिवार को फोन कर आग लगने की सूचना दी थी.पंकज ने बताया कि शोरूम में खड़ी लगभग 30 से 35 गाड़ियां आग में जल गईं, जिससे करीब 25 लाख रुपये का नुकसान हुआ है. प्रारंभिक तौर पर आग लगने का कारण शॉर्ट सर्किट या एसी ब्लास्ट माना जा रहा है.

**दूसरी मंजिल पर फंसे जैन परिवार का जेसीबी से रेस्क्यू**

दूसरी मंजिल पर रह रहा जैन परिवार भी आग लगने पर जान बचाने के लिए छज्जे पर पहुंच गया. हालात बिगड़ने पर एक प्राइवेट जेसीबी मशीन बुलाई गई .जेसीबी की मदद से गैलरी की ग्रिल तोड़कर फर्स्ट फ्लोर पर फंसी बुजुर्ग महिला और उनकी बेटी का रेस्क्यू किया गया. आग बुझने के बाद दूसरी मंजिल का परिवार भी सुरक्षित नीचे उतर आया .फर्स्ट फ्लोर निवासी गौरांग माथुर, जो घटना के समय भोपाल में थे, ने बताया कि रात करीब 2 बजे मां ने फोन कर नीचे धुआं उठने की जानकारी दी थी. इसके बाद सिविल लाइन थाना प्रभारी को सूचना दी गई.

## तार चोरों के खिलाफ एफआईआर दर्ज

**इछावर.** मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी द्वारा दिवड़िया वितरण केंद्र में बिजली पोल गिराकर बुनियादी संरचना को बड़े पैमाने पर नुकसान पहुँचाने और तार चोरी करने वाले अज्ञात असामाजिक तत्वों के विरूद्ध एफआईआर दर्ज कराई गई है. गौरतलब है कि 04 मई की रात्रि को 33/11 केव्ही सतपिपलिया उपकेंद्र से निकलने वाली 11 केव्ही रतनपुर डीएलएफ लाइन पर ग्राम रामनगर से मोलगा के बीच असामाजिक तत्वों द्वारा 18 खंभों को क्षतिग्रस्त कर लगभग 5 किलोमीटर लंबी 11 केव्ही लाइन के तार चोरी कर ले गए. जिसके कारण ग्राम हालियाखेड़ी और मोलगा की विद्युत आपूर्ति भी बाधित हो गई है. कंपनी द्वारा

# ई-टोकन के बाद भी नहीं मिली खाद

## कलेक्ट्रेट परिसर के कांच का गेट टूटा, सुरक्षाकर्मियों से भी धक्का-मुक्की



**नवभारत न्यूज**
**गुना 6 मईका। गुना कलेक्ट्रेट में बुधवार को खाद वितरण की ई-टोकन प्रणाली में आ रहीं तकनीकी खामियों नाराज किसानों ने जमकर हंगामा किया। सुरक्षाकर्मियों और किसानों के बीच तीखी झड़प और झूमाझटकी हुई, जिसमें कलेक्ट्रेट कार्यालय का कांच टूट गया और दरवाजा भी क्षतिग्रस्त हो गया। किसानों का आक्रोश इस बात पर था कि कलेक्टर साहब दफ्तर के अंदर मौजूद हैं, लेकिन उन्हें मिलने नहीं दिया जा रहा है।**

किसान अपनी मांगों को लेकर कलेक्टर चैंबर के सामने बैठने की जिद कर रहे थे। कलेक्ट्रेट परिसर में प्रवेश करते समय सुरक्षा गार्डों ने उन्हें रोकने की कोशिश की और गेट लगा दिया। इसी गहमागहमी में कांच टूट गया।

किसानों का दावा है कि कांच सुरक्षाकर्मियों की जल्दबाजी और गलती से टूटा है, उन्होंने जानबूझकर नुकसान नहीं पहुंचाया। वहीं, किसानों ने यह भी आरोप लगाया कि सुरक्षाकर्मी उन पर एफआईआर दर्ज कराने की धमकी दे रहे हैं। किसानों के मुताबिक हंगामे की जड़ ऑनलाइन टोकन प्रणाली में आई तकनीकी खराबी है। कलेक्ट्रेट पहुंचे किसानों ने बताया कि उन्हें 6 मई की आखिरी तारीख का ऑनलाइन टोकन दिया गया था, लेकिन सर्वर डाउन होने के कारण खाद नहीं मिल सका।

# 25 दिनों से आ रहा नलों में दूषित पानी

**नवभारत न्यूज**
**सुठालिया 06 मई, सं. सुठालिया के वार्ड क्रमांक 8 लोधी मोहल्ला में बीते 25 दिनों से पेयजल सप्लाई के दौरान नलों से काफी दूषित पानी आने से परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है.**

इसको लेकर लोगों में काफी नाराजगी भी देखी जा रही है. गंदे एवं दुर्गंधयुक्त पानी के कारण पीने के पानी की समस्या निर्मित हो चली है. बिमारियों का डर बना हुआ है. इसको लेकर रहवासियों के द्वारा नपा में आवेदन दिया जाकर जल्द ही समस्या का निराकरण करते हुए शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराने की मांग की है.



कम प्रेशर आने की भी शिकायत कर हो चुकी है

विगत माह पूर्व वार्ड के रहवासियों के द्वारा पेयजल सप्लाई के दौरान नलों से कम प्रेशन में पानी आने की शिकायत भी नपं को की जा चुकी है. बावजूद इसके समस्या का कोई समाधान नहीं हो सका और अब दूषित और दुर्गंधयुक्त पानी लम्बे समय से आ रहा है.

**मौके पर नपं ने कहा बदली जाएगी पाइप लाइन-** नपं के अनुसार वार्ड 8 में जहां दूषित पानी आने की शिकायत है यदि वहां आगे भी इसी तरह का पानी आता है तो पाइप लाइन को बदला जाएगा.

**मौके पर पहुंचकर किया निरीक्षण**

नगर के वार्ड 8 में काफी दिनों से शिकायत आ रही है कि वार्ड में नलों में गंदा पानी आता है जिसका आज मुख्य नगर पालिका अधिकारी इकरार अहमद द्वारा मौके पर जाकर निरीक्षण किया गया. जल प्रदाय टीम को निर्देशित किया गया कि अगर पाइप लाइन चेक करने के बाद समस्या का समाधान नहीं होता है तो नवीन पाइप लाइन डाली जाये. इस मौके पर जल प्रदाय की टीम, स्वच्छता पर्यवेक्षक कुलदीप सिंह राठौड़ उपस्थित रहे.

## एक नजर में



### जनगणना के कार्यों में उत्कृष्ट प्रदर्शन वाले सम्मानित

**आष्टा.** नपा में जनगणना 2027 की तैयारियों के अंतर्गत संचालित एचएलबी कार्य को समय-सीमा के भीतर और शत-प्रतिशत पूर्ण करने वाले कर्मचारियों के लिए सम्मान समारोह आयोजित किया गया. चार्ज अधिकारी एवं सीएमओ विनोदकुमार प्रजापति द्वारा उत्कृष्ट कार्य करने वाले प्रगणकों और पर्यवेक्षकों प्रियंका करोरिया, उपयंत्री अनिल धुर्वे, प्रगणक सुनील कुमार श्रीवास्तव, श्रीमती रईसा शाह को सम्मानित किया गया. इस अवसर पर राजस्व प्रभारी मनीष श्रीवास्तव, राकेश विश्वकर्मा आदि मौजूद थे.

### आधार पंजीयन एवं अपडेशन अभियान 8 से

**बैतूल।** छिंदवाड़ा संभाग के डाकघरों के आधार केन्द्रों में नवीन आधार पंजीयन, आधार कार्ड में सुधार, बायोमेट्रिक अपडेशन, आधार डेटा में मोबाईल एवं ईमेल लिंक आदि कार्य करवाने के लिए दो दिवसीय विशेष अभियान 8 मई से चलाया जाएगा। अधीक्षक डाकघर छिंदवाड़ा संभाग ने बताया कि 8 मई और 9 मई को छिंदवाड़ा संभाग के अंतर्गत बैतूल जिले के बैतूल प्रधान डाकघर के अतिरिक्त कोठीबाजार, बैतूल गंज, आठनेर, सारणी, पाथाखेड़ा, दुनावा, मुलताई, आमला, भैंसदेही, चिचोली, शाहपुर उपडाकघर में आधार पंजीयन एवं अपडेशन अभियान चलाया जाएगा। अभियान के तहत सभी आधार सेंटर प्रात: 8 बजे से सायं 06 बजे तक तथा,प्रधान डाकघरों में सायंकाल 8 बजे तक कार्य किया जाएगा। उन्होंने आमजन से अपने निकटत्तम डाकघर आधार केन्द्र में आकर इस सुविधा का लाभ लेने की अपील की है।

### अधिकारियों ने कराया निराकरण

**टीकमगढ़।** शासन के निर्देशानुसार जिला मुख्यालय पर संयुक्त कार्यालय परिसर में जनसुनवाई आयोजित की गई। संयुक्त कार्यालय परिसर स्थित जनसुनवाई कक्ष में संयुक्त कलेक्टर शैलेन्द्र सिंह ने आमजन से प्राप्त शिकायतों एवं समस्याओं को सुना तथा निराकरण हेतु संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देशित किया। जनसुनवाई में आमजन से प्राप्त 86 आवेदनों पर सुनवाई की गई। आवेदन पत्रों को 10 दिवस में निराकृत कर उसका प्रतिवेदन प्रस्तुत करने के निर्देश दिये गये। जनसुनवाई में आमजनता से प्राप्त पेंशन, उपचार सहायता, खाद्यान्न पर्ची प्राप्त नहीं होने, गरीबी रेखा में नाम शामिल करने, सीमांकन, विधवा तथा दिव्यांग पेंशन, राहत राशि के वितरण तथा जाति प्रमाण आवेदन पत्रों पर सुनवाई की गई।

### महिला से छीनाझपटी करने वाला गिरफ्तार

**गुना।** कैंट पुलिस ने एलआईसी ऑफिस के पास स्कूटी सवार महिला के साथ हुई बाला स्नेचिंग की घटना का खुलासा करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आरोपी के पास से लूटा गया सोने का बाला भी बरामद कर लिया है। जानकारी के अनुसार, 18 अप्रैल को दुर्गा कॉलोनी निवासी अरूणा सोनी अपनी पुत्री के साथ स्कूटी से घर लौट रहीं थीं। शाम के समय जब वे एलआईसी ऑफिस के पास पहुँचीं, तभी बाइक सवार दो अज्ञात बदमाशों ने झपट्टा मारकर उनके कान से सोने का बाला छीन लिया और फरार हो गए।

### शिवपंचायतन प्राण प्रतिष्ठा 8 मई से

**सुठालिया.** ग्राम खनोटा रामनगर में आगामी 8 मई से 10 मई तक श्री शिवपंचायतन प्राण प्रतिष्ठा समारोह का आयोजन होने जा रहा है. जानकारी के अनुसार ग्राम खनोटा के नवनिर्मित शिव मंदिर में श्री शिव पंचायत यानी भगवान शिव, मां पार्वती, गणेश, कार्तिक और नंदी की प्राण प्रतिष्ठा की जानी है. आयोजन में 8 मई को दशविधि स्नान और हेमाद्रि मण्डप प्रवेश, 9 मई को देवपूजन, महास्नान और अभिषेक और 10 मई को प्राण प्रतिष्ठा एवं यज्ञ की पूर्णाहुति के साथ प्रसादी वितरण किया जाएगा. आयोजन को ज्योतिषाचार्य पं. बेनीप्रसाद वशिष्ठ अधिष्ठाता गुरूकुल आवन, पं. जुगलकिशोर शर्मा यज्ञब्रम्हा और खेड़ापति आचार्य पं. रामबाबू वशिष्ठ सुठालिया सम्पन्न कराएंगे. आयोजन समस्त ग्रामवासी खनोटा रामनगर की ओर से किया जा रहा है.

**आक्रोश** | विभिन्न मांगों का दिया ज्ञापन

# रसोइयों का मानदेय नहीं मिलने पर हड़ताल की चेतावनी

**नवभारत न्यूज**
**टीकमगढ़। मध्याह्न भोजन बांटने वाले महिला स्व सहायता समूहों ने बुधवार को प्रभारी मंत्री कृष्णा गौर को ज्ञापन सौंपा। समूहों ने आरोप लगाया कि उन्हें पिछले 10 महीने से खाद्यान्न नहीं मिला है और रसोइयों का मानदेय भी बकाया है। उन्होंने अपनी मांगों को लेकर हड़ताल की चेतावनी दी।**

प्रांतीय महिला स्व सहायता समूह महासंघ के बैनर तले महिलाओं ने यह प्रदर्शन किया। महासंघ के अध्यक्ष प्रतिनिधि जग प्रसाद यादव ने बताया कि टीकमगढ़ जिले के लगभग 92 स्कूलों का मैपिंग कार्य अगस्त 2025 से मई 2026 तक 10 माह से लंबित है, जिसमें आज तक सुधार नहीं हुआ है। यादव के अनुसार, पीएम पोषण योजना में संलग्न स्व सहायता समूहों और रसोइयों को विगत 10 माह से लागत राशि, पारिश्रमिक भुगतान और खाद्यान्न प्राप्त नहीं हुआ है।



समूहों को कर्ज लेकर मध्याह्न भोजन का कार्य सुचारू रूप से संचालित करना पड़ रहा है। समूहों ने बताया कि दुकानदारों ने उधार देना बंद कर दिया है, जिससे उन्हें आर्थिक समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है।

महिलाओं ने कई बार ज्ञापन दिए हैं, लेकिन समस्याओं का समाधान नहीं हुआ। उन्होंने प्रभारी मंत्री से शीघ्र भुगतान और समाधान की मांग करते हुए चेतावनी दी कि यदि मांगें पूरी नहीं हुईं तो चूल्हा बंद कर अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन किया जाएगा।जिले में संचालित मध्याह्न भोजन योजना को लेकर बड़ा विवाद सामने आया है। बुधवार को महिला स्व-सहायता समूहों ने प्रभारी मंत्री कृष्णा गौर को ज्ञापन सौंपते हुए गंभीर आरोप लगाए।

**शीघ्र समाधान के दिए निर्देश**

प्रभारी मंत्री ने महिलाओं की समस्याओं को गंभीरता से सुनते हुए संबंधित अधिकारियों को जांच कर शीघ्र समाधान के निर्देश देने की बात कही है। अब देखना होगा कि प्रशासन इस मुद्दे पर कितनी तेजी से कार्रवाई करता है। आर्थिक संकट के चलते कई समूह योजना से पीछे हटने की स्थिति में हैं। ज्ञापन में और भी कई आरोप लगाए गए।

## राय की पहल से गांवों में बिछेगा सड़कों का जाल

**सीहोर.** केंद्र सरकार से विधायक सुदेश राय ने सड़के स्वीकृत करा ली हैं. प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना से सड़कों का निर्माण होगा. विधायक सुदेश राय ने ग्रामीणों को बड़ी सौगात दी है. क्षेत्र के 30 गांव इस योजना से जुड़ेंगे. निर्माण पर 31 करोड़ 22 लाख रुपए खर्च होगा. कुल 16 ग्रामीण सड़कें बनाई जाएंगी. यह सड़कें कुल 41,किलोमीटर लम्बी होंगी. विधायक सुदेश राय की विशेष अनुशंसा पर केंद्रीय ग्रामीण विकास किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान के द्वारा प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत सड़क निर्माण की स्वीकृति प्रदान की है. यह सड़के मुहाली से टिकली बंजारी,हथियाखेड़ा से बुगलीवाली, रावनखेड़ा से पान बिहार रोड से पठार, सेमरादांगी से छेवटा मोहल्ला तक बनाई जाएंगी.